# कार्यालय परिसर निदेशक, डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी (गढ़वाल) उत्तराखण्ड

## सार्वजनिक नीलामी सूचना

पत्रांक : 7826/2026 दिनांक : 24.07.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी के पत्रांक : 330/23–1, दिनांक 18.07.2026 द्वारा प्रदत्त अनुमति के अनुपालन में डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी में स्थित आंधी–तूफान से क्षतिग्रस्त 02 वृक्ष एवं जन–सुरक्षा की दृष्टि से जोखिमयुक्त निम्नलिखित 06 वृक्षों (कुल 08 वृक्षों) के पातन एवं निस्तारण हेतु खुली सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जायेगी।

वृक्षों का विवरण निम्नवत् है:–

| कम सं0 | वृक्ष प्रजाति | व्यास सेमी0 | संख्या | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरई (हरा खड़ा) | 50–60 | 02 | 4648.00 |
| 2. | देवदार (हरा खड़ा) | 20–30 | 01 | 2414.00 |
| 3. | देवदार (हरा खड़ा) | 30–40 | 01 | 8239.00 |
| 4. | देवदार (हरा खड़ा) | 60–70 | 01 | 31470.00 |
| 5. | पापलर (हरा खड़ा) | 70–80 | 01 | 2475.00 |
| 6. | सुरई (टूटा हुआ) | 50–60 | 01 | 2500.00 |
| 7 | चीड़ (टूटा हुआ) | 50–60 | 01 | 3000.00 |
| | | कुल वृक्ष/कीमत | 08 | 54746.00 |

### नीलामी का कार्यक्रम

नीलामी की तिथि : 03 अगस्त, 2026 सोमवार

समय : अपराह्न 3:00 बजे

स्थान : परिसर निदेशक कार्यालय, डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी

## नीलामी की शर्तें :–

नीलामी निम्नलिखित शर्तों के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है जो निम्न प्रकार है :–

1. उक्त 08 पेड़ों की नीलामी की न्यूनतम बोली रु0 55000.00 (रु0 पचपन हजार) निर्धारित है।
2. नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को रु0 5000.00 की धरोहर राशि (EMD) परिसर निदेशक डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जमा करनी होगी तत्पश्चात ही बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है।
3. जिस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली लगायी जायेगी उस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली की 100 प्रतिशत धनराशि नियमानुसार जी0एस0टी0 सहित तत्काल जमा करनी होगी।
4. जिस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली लगायी जायेगी उस प्रतिभागी द्वारा जमा जमानत धनराशि को उक्त धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा शेष प्रतिभागी की जमानत धनराशि उन्हें उसी कार्य दिवस में वापस कर दी जायेगी।
5. नीलामी स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अन्तिम रूप से परिसर निदेशक को होगा।

6. नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा उपरोक्त 08 पेड़ों को स्वयं के खर्चे पर नियमानुसार कटवाकर ले जाना होगा तथा नीलामी प्राप्तकर्ता नीलामी तिथि के पश्चात सम्पूर्ण धनराशि अदा करने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर उक्त 08 पेड़ों को अपने स्वयं के खर्चे पर निर्धारित स्थान से ले जाना सुनिश्चित करना होगा।
7. उपरोक्त 08 पेड़ों का दिनांक 25.07.2026 से किसी भी कार्य दिवस पर (प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक) निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर निरीक्षण कर सकते हैं।
8. किसी भी समय/नियम के परिवर्तन का सर्वाधिकार समिति के अध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा।
9. बोलीदाता को अपना वैध पेन कार्ड एवं आधार कार्ड जमा करना होगा।
10. वृक्षों का पातन एवं निस्तारण वन विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों एवं स्वीकृति के अनुरूप ही किया जायेगा।
11. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा क्षति के लिए सफल बोलीदाता स्वयं उत्तरदायी होगा।
12. लकड़ी का उठान, जड़ों का निस्तारण एवं स्थल की सफाई सफल बोलीदाता द्वारा अपने व्यय पर निर्धारित अवधि में की जायेगी।

दिनांक : 24 जुलाई, 2026

24/7/2026

परिसर निदेशक
डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी
**Campus Director**
**H.N.B.Garhwal University**
**(A Central University)**
**Dr.B.G.R. Campus Pauri**
**Pauri Garhwal (U.k.)**

प्रतिलिपि :–

1. अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद् पौड़ी गढ़वाल।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी गढ़वाल।
3. मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल।
4. जिला सूचना अधिकारी पौड़ी को सभी समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
5. डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी के नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।
6. कुलसचिव, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल।
7. हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु नोडल अधिकारी हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के सूचनार्थ।
8. प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी गढ़वाल।
9. वन क्षेत्राधिकारी, नागदेव रेंज, पौड़ी गढ़वाल।
10. कार्यालय प्रति।

24/7/2026

परिसर निदेशक
डॉ0 बी0जी0आर0 परिसर पौड़ी
**Campus Director**
**H.N.B.Garhwal University**
**(A Central University)**
**Dr.B.G.R. Campus Pauri**
**Pauri Garhwal (U.k.)**